बिहार लोक सेवा आयोग,

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800001

<u>आवश्यक सूचना</u>

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार के अंतर्गत राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों मे सहायक प्राध्यापक के पदों पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा प्रकाशित **वि.सं. 11/2020 (विद्युत अभियंत्रण), वि.सं. 36/2020 (इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन इंजी.) एवं वि.सं. 51/2020 (यांत्रिकी अभियंत्रण)** की लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा हेतु अर्हित/औपबंधिक रूप से अर्हित उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि उक्त विज्ञापनों के लिए उनकी अर्हता पूर्णतः औपबंधिक है। लिखित परीक्षा में शामिल होने एवं प्रवेश पत्र निर्गत होने मात्र से किसी भी उम्मीदवार की अर्हता सम्पुष्ट नहीं होती है। आयोग द्वारा किसी भी स्तर पर वांछित प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने एवं उम्मीदवारों की अभ्यर्थिता से सम्बन्धित जाँच के क्रम में विज्ञापन की शर्त्तों को पूरा नहीं करते पाये जाने की स्थिति में अभ्यर्थिता रद्द करने के लिए आयोग स्वतंत्र होगा एवं आयोग का उक्त निर्णय सर्वमान्य होगा।

2. उक्त विज्ञापनों के संदर्भ में प्रकाशित आवश्यक सूचना के आलोक में प्राप्त आपत्ति अभ्यावेदनों की जाँच एवं आयोग स्तर पर समीक्षा के आलोक में अर्हित/औपबंधिक अर्हित एवं अनर्हित उम्मीदवारो की सूची आयोग के वेबसाईट पर प्रकाशित है।

उक्त सूचना आयोग के वेबसाईट <u>www.bpsc.bih.nic.in</u> पर उपलब्ध है।

ह०/- 7.4.22

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना